प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.05.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 सीटों पर विधानसभा उप–चुनाव में अब 11 दिन शेष रह गए है। ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी तेजी पकड़ ली हैं और भाजपा व कांग्रेस के स्टार प्रचारक मैदान में डट गए हैं। प्रदेश में कल तीन चुनाव जनसंभाएं करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शिमला में बैठक कर चुनावों की फीड बैक ली और आगामी प्रचार व प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभाओं को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह मौजूद रहें। प्रचार की इसी कड़ी में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बिलासुपर जिले के स्वारघाट और सोलन जिले के नालागढ़ व बद्दी में चुनावी जनसभाओं में भाग लेंगे।

निर्वाचन आयोग

लोकसभा चुनाव में धनबल और प्रलोभन को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग के प्रयासों के कारण 8 हजार 8 सौ नवासी करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। नशीले पदार्थों पर कड़ी निगरानी के कारण जब्ती में लगातार वृद्धि हो रही है। अब तक तीन हजार 958 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं।

चुनाव प्रचार तेज होने के साथ ही आयोग मतदाताओं को प्रलोभन देकर प्रभावित करने की कोशिशों पर कड़ी नज़र रख रहा है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और प्रवर्तन एजेंसियों को निगरानी ओर अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

स्वीप कार्यक्रम

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला ग्रामीण के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भौंट के विद्यार्थियों द्वारा घर–घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों ने लोगों को के.वाई.सी. एप्प और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया।

उधर चम्बा जिला के विधानसभा क्षेत्र भटियात की स्वीप टीम ने चुवाड़ी में चुनावी मेले का आयोजन किया जिसमें मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकाल कर लोगों को मतदान का महत्व बताया।

मनीष गर्ग

प्रदेश में आगामी चुनावों में 57 लाख 11 हज़ार 9 सौ 69 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे जो पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा 7 दशमलव एक–छः फीसदी अधिक है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनावों की अपेक्षा इस बार 3 लाख 81 हज़ार 8 सौ 15 मतदाताओं की बढ़ौतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 18 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या एक लाख 71 हज़ार 6 सौ 75 है। मनीष गर्ग ने कहा कि प्रदेश में पुरूष मतदाताओं की संख्या 28 लाख 48 हज़ार 3 सौ 26 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 27 लाख 97 हज़ार 2 सौ 18 है। इसके अलावा इस बार 57 हज़ार 7 सौ 75 दिव्यांग मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

मौसम

प्रदेश की राजधानी शिमला समेत राज्य के कई जिलों में गर्मी अपने चरम पर है। मैदानी इलाकों में पिछले 4–5 दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से उपर बना हुआ है। लोग गर्मी से बचने के लिए अब शीतल पेयजल का सहारा ले रहे हैं और दोपहर का अधिक समय घरों के भीतर ही बिता रहे हैं। प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ जिलों में लू चलने की संभावना जताई है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने चुनाव प्रचार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हवाले से ख़बर को सुर्खी दी है–हिमाचल में बैक गियर की सरकार 900 संस्थान कर दिए बंद। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–जेपी नड्डा ने ली चुनाव अभियान की रिपोर्ट। दैनिक जागरण लिखता है–दस वर्ष पहले केंद्र में मजबूर सरकार थी–आज मजबूत। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–इंडी भ्रष्टाचार का गठबंधन।

दैनिक सवेरा टाइम्स केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखता है–पाकिस्तान और कांग्रेस की हालत एक जैसी, पाक अन्न को तो कांग्रेस सीट को तरस रही। जबकि हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है–10 साल से रेलवे लाइन का राग ही अलाप रहे अनुराग।

दैनिक जागरण की ख़बर है–मंडी व नाहन में रैली को संबोधित करेंगे मोदी। अमर उजाला ने शीर्षक दिया है –पीएम मोदी 24 को नाहन व मंडी में कर सकते है रैलियां।

मौसम पर पंजाब केसरी का कहना है–हिमाचल के 7 शहरों का तापमान 40 पार, 7 जिलों में लू की चेतावनी। आपका फैसला के शब्द हैं–हिमाचल में भी भीषण गर्मी के कहर ने लोगों को किया बेहाल।

आचार संहिता खत्म होते ही स्कूलों में जे.ओ.ए. के खाली 2 हजार पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू होगी– शीर्षक से पंजाब केसरी व दैनिक भास्कर ने ख़बर को प्रमुखता दी है।

हिमाचल दस्तक की एक ख़बर है–हिमाचल में अंबुजा–एसीसी सीमेंट 15 रुपये सस्ता।